ओ सांवरे तुझ पर तन मन ये वारा है भजन लिरिक्स

ओ सांवरे तुझ पर,
तन मन ये वारा है,
पल भर में तूने मेरा,
जीवन संवारा है,
ओ साँवरे तुझ पर,
तन मन ये वारा है।bd।

तर्ज – ओ सांवरे हमको तेरा सहारा है।

तेरे ही तो दम पर बाबा,
मेरी जिंदगानी,
जीवन की सारी बातें,
नहीं तुझसे छानी,
जमी से उठाकर मुझको,
जमी से उठाकर मुझको,
फलक पर बिठाया है,
ओ साँवरे तुझ पर,
तन मन ये वारा है।bd।

भटकता रहा मैं दर दर,
मिला ना किनारा,
हारूंगा कैसे संग है,
हारे का सहारा,
तुमने माझी बन नैया को,
तुमने माझी बन नैया को,
किनारे लगाया है,
ओ साँवरे तुझ पर,
तन मन ये वारा है।bd।

तुझसे बना है मेरा,
जीवन सुहाना,
बिन तेरे चरणों के अब,
नहीं है ठिकाना,
कही और जाऊँ कैसे,
कही और जाऊँ कैसे,
तू ही मेरा प्यारा है,
ओ साँवरे तुझ पर,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आप मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तन मन ये वारा है।bd।

‘पंकज’ को श्याम जैसी,
यारी ना मिलेगी,
बिन तेरे ओ बाबा दिल की,
क्यारी ना खिलेगी,
डूब मैं रहा था मुझको,
डूब मैं रहा था मुझको,
तूने ही उभारा है,
ओ साँवरे तुझ पर,
तन मन ये वारा है।bd।

ओ सांवरे तुझ पर,
तन मन ये वारा है,
पल भर में तूने मेरा,
जीवन संवारा है,
ओ साँवरे तुझ पर,
तन मन ये वारा है।bd।

Singer & Lyricist – Pankaj Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com